फटकार | गश्ती के दौरान शराब पी रहे लोगों को पुलिस ने लगाई फटकार, दुकानदारों को दी चेतावनी

# शराबखोरी को लेकर एक्शन मोड में कोतवाली टीआई

**नवभारत, बालाघाट।** शहर में सुरक्षा व्यवस्था और जगह-जगह शराबखोरी की बढ़ती शिकायतों के मद्देनजर कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धूमकेती ने मंगलवार रात पैदल गश्त की। उन्होंने बैहर रोड से बस स्टैंड तक का निरीक्षण किया, जहां उन्होंने शराब पी रहे लोगों को फटकार लगाई और ठेला दुकानदारों को सख्त चेतावनी दी।



थाना प्रभारी ने अंडा और अन्य खाद्य सामग्री बेचने वाले ठेला दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि यदि किसी भी ठेले के पास या बैठाकर शराब पिलाई गई, तो न केवल संबंधित व्यक्ति पर कार्रवाई होगी, बल्कि उसके ठेले को भी हटा दिया जाएगा।

निरीक्षण के दौरान, कोतवाल कामेश धूमकेती ने बस स्टैंड पर गंदगी और वाहनों की धुलाई पर भी गहरी नाराजगी व्यक्त की। उन्होंने दुकानदारों से शहर को स्वच्छ रखने में सहयोग करने और अपनी दुकानों के आसपास गंदगी न फैलाने की अपील की।

इसके अतिरिक्त, उन्होंने बस स्टैंड स्थित खंडेलवाल पेट्रोल पंप का भी दौरा किया। यहां उन्होंने निर्देश दिए कि बिना हेलमेट पहने किसी भी व्यक्ति को पेट्रोल न दिया जाए। ऐसा पाए जाने पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बिना हेलमेट वाहन चला रहे लोगों को यातायात नियमों का पालन करने की समझाइश भी दी।

### शहर में शराबखोरी और गंदगी जैसी समस्याओं को रोका जा सके

कोतवाली थाना प्रभारी कामेश धूमकेती ने बताया कि यह पैदल गश्त आम आदमी की सुरक्षा सुनिश्चित करने और उन्हें सुरक्षित महसूस कराने के उद्देश्य से की जा रही है। उन्होंने कहा कि पुलिस का प्रयास है कि शहर में शराबखोरी और गंदगी जैसी समस्याओं को रोका जा सके, जिससे शहर स्वच्छ दिखे और नागरिक सुरक्षित महसूस करें।

# नए आईजी ललित शाक्यवार ने संभाला पदभार

### पुलिस-जनता के बीच सकारात्मक समन्वय पर दिया ज़ोर

**नवभारत, बालाघाट।** बालाघाट के नवागत आईजी ललित शाक्यवार ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस दौरान उन्होंने नक्सल मुक्त क्षेत्र की स्थिति बनाए रखने, सामुदायिक पुलिसिंग और पुलिस-जनता समन्वय जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपने विचार साझा किए। इस दौरान उन्होंने जनता की सेवा के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई।



आईजी शाक्यवार ने कहा कि भले ही जोन नक्सल मुक्त हो गया है, लेकिन अब चुनौती अधिक है। उन्होंने मंडला, डिंडौरी और बालाघाट जैसे सीमावर्ती क्षेत्रों में नक्सलियों को दोबारा पनपने से रोकने के लिए सख्त निगरानी और जनता से संवाद बनाए रखने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि पुलिसिंग केवल दिमाग में नहीं, बल्कि जनता के बीच होनी चाहिए। आईजी ने पुलिसकर्मियों को 'पुलिस जनता की है' के भाव से काम करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि जनता और पुलिस के बीच दोस्ताना संबंध होने चाहिए ताकि लोग बिना भय या संकोच अपनी बातें थाने में रख सकें। साथ ही, उन्होंने पुलिस को चौपाल लगाकर जनता से संवाद बनाए रखने और विश्वास जीतने की सलाह दी। आईजी शाक्यवार ने प्रो-एक्टिव पुलिसिंग पर जोर देते हुए कहा कि पुलिसकर्मियों को जनता के साथ मित्रवत व्यवहार बनाए रखना चाहिए। उनका मानना है कि इससे न केवल अपराध नियंत्रण में मदद मिलेगी बल्कि पुलिस की छवि और जनता में भरोसा भी बढ़ेगा। दरअसल, 2008 बैच के आईपीएस अधिकारी ललित शाक्यवार इससे पहले साल 2011 में बालाघाट में हॉक कमांडर के पद पर अपनी सेवाएं दे चुके हैं।

# कार्यशाला में स्कूली बच्चों को दिया प्रशिक्षण




**नवभारत, बालाघाट।** एलीट स्कॉलर स्कूल में शिक्षा और तकनीक का एक अनूठा समागम देखने को मिला। स्कूल ने 'कनेक्ट शिक्षा' के साथ मिलकर 7-दिवसीय 'फ्यूचर स्किल्स बूटकैंप' का आयोजन किया, जिसका समापन एक भव्य विज्ञान प्रदर्शनी के साथ हुआ। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्रों को किताबी ज्ञान से आगे ले जाकर 'हैंड्स-ऑन लर्निंग' यानी 'करके सीखने' के सिद्धांत पर प्रशिक्षित करना था। इस विशेष कार्यशाला में कक्षा 3 से 7 तक के नन्हे छात्रों ने भाग लिया। 7 दिनों के गहन प्रशिक्षण में, कनेक्ट शिक्षा के एक्सपर्ट्स ने बच्चों को 'इंटरनेट ऑफ थिंग्स' और रोबोटिक्स की बारीकियां सिखाईं। छात्रों ने खुद अपने हाथों से इलेक्ट्रॉनिक सर्किट्स असेंबल किए, सेंसर को कनेक्ट करना सीखा और कोडिंग के लॉजिक को समझा। जो बच्चे कल तक तकनीक को सिर्फ किताबों में पढ़ते थे, आज उन्होंने खुद उसे बनाया।

# हायर सेकेण्डरी की 10 एवं हाईस्कूल की परीक्षा 13 फरवरी से

**नवभारत, बालाघाट।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मप्र भोपाल की कक्षा 10 हाई स्कूल एवं कक्षा 12 हायर सेकेण्डरी की बोर्ड परीक्षाओं का टाईम टेबल निर्धारित कर दिया गया है। हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं की बोर्ड परीक्षा 10 फरवरी से प्रारंभ होगी जबकि हाईस्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 13 फरवरी से प्रारंभ होगी।




हायर सेकेण्डरी कक्षा 12वीं बोर्ड परीक्षा के टाईम टेबल के अनुसार 10 फरवरी को अंग्रेजी, 13 फरवरी को भौतिक शास्त्र, अर्थशास्त्र, एनीमल हस्बेण्ड्री, मिल्क ट्रेड, पोल्ट्रीफार्म एवं फिशरीज, विज्ञान के तथ्?य एवं भारतीय कला का इतिहास विषय के प्रश्न पत्र होंगे। 14 फरवरी को बायोटेक्नॉलाजी, गायनवादन एवं दबला पखावज का प्रश्न पत्र होगा। 16 फरवरी को संस्कृत, 17 फरवरी को ड्राइंग एंड डिजाईन, 18 फरवरी को रसायन शास्त्र, इतिहास, व्यवसाय अध्ययन, एलिमेंट आफ साइंस एन मेथिमेटिक्स यूजफूल फॉर एग्रीकल्चर, ड्राइंग एंड पेंटिंग, गृह प्रबंध पोषण एवं वस्त्र विज्ञान, 19 फरवरी को मनोविज्ञान, 20 फरवरी को एनएसक्यूएफ के समस्त विषय, शारीरिक शिक्षा एवं एआई के प्रनपत्र होंगे। 21 फरवरी को कृषि, होमसाईंस, कला समूह एवं एकाउंटेंसी, 23 फरवरी को बायोलॉजी, 25 फरवरी को गणित, 26 फरवरी को राजनीतिशास्त्र, 27 फरवरी को इंफारमेटिक प्रेक्टिसेस, 02 मार्च को समाजशास्त्र, 05 मार्च को भूगोल, क्रॉप प्रोडक?शन एंड हार्टिकल्चर, स्टील लाईफ एंड डिजाईन, शरीर रचना क्रिया विज्ञान एवं स्वास्थ्य, 06 मार्च को उर्दू, मराठी एवं 07 मार्च को हिंदी का प्रश्न पत्र होगा।

हाईस्कूल कक्षा 10वीं की बोर्ड परीक्षा 13 फरवरी से प्रारंभ होगी। 13 फरवरी को उर्दू, 14 फरवरी को एनएसक?यूएफ के समस्?त विषय एवं एआई, 17 फरवरी को अंग्रेजी, 19 को संस्कृत, 20 फरवरी को मराठी, गुजराती, पंजाबी, सिंधी एवं मूकबधिर तथा दृष्टिहीन छात्रों के लिए चित्रकला, गायनवादन, तबलापखावज, कम्प्युटर, 24 फरवरी को गणित स्टेंडर्ड व बेसिक, 27 फरवरी को विज्ञान, 02 मार्च को सामाजिक विज्ञान एवं 06 मार्च को हिंदी विषय के प्रश्न पत्र होंगे।

सभी प्रश्न पत्र प्रात: 09 से दोपहर 12 बजे तक होंगे। समस्?त परीक्षार्थियों को परीक्षा केंद्र पर प्रात: 08 बजे उपस्थित होना अनिवार्य होगा। परीक्षा प्रारंभ होने के निर्धारित समय से 15 मिनट पूर्व के पश्चात किसी भी छात्र को प्रवेश नही दिया जाएगा।

## कटंगी एसडीएम को कारण बताओ नोटिस जारी

**बालाघाट।** कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने कटंगी एसडीएम श्री केसी ठाकुर को अभिलेख दुरुस्ती संबंधी आवेदन आरसीएमएस पोर्टल पर दर्ज न किया जाकर सीधे अधीनस्थ न्यायालय तहसीलदार की ओर जांच प्रतिवेदन के लिए प्रेषित करने पर कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि क्यों न इस लापरवाही के लिए उनके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जाए। एसडीएम श्री केसी ठाकुर को 03 दिनों के भीतर समक्ष में उपस्थित होकर अपना जवाब प्रस्तुत करने कहा गया है। समय सीमा में संतोषजनक जवाब नही मिलने पर एक पक्षीय कार्यवाही की जाएगी।

# विश्व कैंसर दिवस पर जिला चिकित्सालय में जांच एवं जागरूकता शिविर आयोजित

**नवभारत, बालाघाट।** विश्व कैंसर दिवस के अवसर पर 4 फरवरी को जिला चिकित्सालय बालाघाट में विशेष कैंसर जांच एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. परेश उपलप के मार्गदर्शन तथा सिविल सर्जन डॉ. नीलय जैन की उपस्थिति में संपन्न हुआ।



शिविर के संबंध में जिला चिकित्सालय की आर.एम.ओ. डॉ. सुषमा गोयल ने जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान विभिन्न प्रकार के कैंसर की नि:शुल्क स्क्रीनिंग की गई। शिविर में सर्वाइकल कैंसर, स्तन कैंसर, ओरल कैंसर सहित अन्य प्रकार के कैंसर की प्रारंभिक जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई। उन्होंने बताया कि शिविर के दौरान सर्वाइकल कैंसर के 20 मरीजों, स्तन कैंसर के 18 मरीजों तथा ओरल कैंसर के 22 मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। इसके अतिरिक्त सामान्य ओपीडी में आए 52 मरीजों की भी कैंसर संबंधी प्रारंभिक जांच की गई। इस प्रकार कुल बड़ी संख्या में मरीजों को कैंसर की जांच सुविधा का लाभ मिला।

कार्यक्रम के अंतर्गत कैंसर जागरूकता शिविर का भी आयोजन किया गया, जिसमें उपस्थित लोगों को कैंसर के लक्षणों, बचाव के उपायों एवं समय पर जांच के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। चिकित्सकों द्वारा बताया गया कि प्रारंभिक अवस्था में कैंसर की पहचान होने पर इसका सफल उपचार संभव है, इसलिए नियमित स्वास्थ्य परीक्षण बेहद आवश्यक है।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा आयोजित इस शिविर का उद्देश्य आम नागरिकों में कैंसर के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा अधिक से अधिक लोगों को समय पर जांच के लिए प्रेरित करना था। जिला चिकित्सालय प्रशासन ने नागरिकों से अपील की है कि वे किसी भी प्रकार के संदिग्ध लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सकीय परामर्श लें और नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहें।

# 3980 युवाओं ने कराया पंजीयन, 200 से अधिक का हुआ चयन

### मॉयल, एचसीएल सहित प्रतिष्ठित कंपनियों में मिलेगा रोजगार

**नवभारत, बालाघाट।** जिले के युवाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के उद्देश्य से 4 फरवरी को सांदीपनि विद्यालय बालाघाट में मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना के अंतर्गत रोजगार, स्वरोजगार एवं अप्रेंटिस मेले का भव्य आयोजन किया गया। यह आयोजन सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग तथा तकनीकी शिक्षा कौशल विकास एवं रोजगार विभाग के संयुक्त तत्वावधान में संपन्न हुआ।



कलेक्टर श्री मृणाल मीना की विशेष पहल पर आयोजित इस मेले का उद्देश्य नक्सल प्रभावित एवं दूरस्थ क्षेत्रों के युवाओं को उनके ही जिले में रोजगार उपलब्ध कराना था। कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा, जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अभिषेक सराफ, बालाघाट चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष श्री अभय सेठिया, समाजसेवी श्री तपेश असाटी, श्री आशीष मिश्रा सहित बड़ी संख्या में युवा उपस्थित रहे।

### सीखो-कमाओ योजना से कुशल कारीगर बनेंगे जिले के युवा : कलेक्टर

कलेक्टर श्री मृणाल मीना ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री सीखो-कमाओ योजना जिले के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर है। इस योजना के माध्यम से युवाओं को केवल नौकरी ही नहीं, बल्कि कौशल प्रशिक्षण देकर कुशल कारीगर बनाया जा रहा है, जिससे वे सम्मानजनक रोजगार प्राप्त कर सकें। उन्होंने बताया कि इस योजना के तहत एचसीएल, मॉयल जैसी प्रतिष्ठित कंपनियों तथा स्थानीय उद्यमों में युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे, जिससे वे अपने परिवार के साथ रहते हुए आत्मनिर्भर बन सकेंगे।

### बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए घर से दूर रहना पडता है - एसपी मिश्रा

पुलिस अधीक्षक श्री आदित्य मिश्रा ने युवाओं का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ऐसे रोजगार मेलों का अधिकतम लाभ युवाओं को उठाना चाहिए। उन्होंने कहा कि भविष्य को बेहतर बनाने के लिए सही दिशा में प्रयास जरूरी हैं और यदि आवश्यकता पड़े तो बड़े लक्ष्य हासिल करने के लिए घर से बाहर निकलने से भी पीछे नहीं हटना चाहिए। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि स्थानीय कंपनियां युवाओं को उनके जिले में ही रोजगार देने के लिए प्रयासरत हैं, जिसका लाभ अवश्य लिया जाना चाहिए।

# विद्यार्थियों ने दी देशभक्ति गीतों की प्रस्तुति

### सेंट जॉर्ज मिडिल स्कूल का वार्षिक स्नेह सम्मेलन आयोजित

**नवभारत कटंगी 4 फरवरी।** सेंट जॉर्ज इंग्लिश स्कूल बोनकट्टा और सेंट जार्ज मिडिल स्कूल बोनकट्टा का संयुक्त वार्षिक स्नेहिल सम्मेलन गत दिनों बड़े ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। छात्र-छात्राओं द्वारा एक से बढ़कर एक देशभक्ति गीतों पर प्रस्तुति दी गई। वार्षिक उत्सव में बालक बालिकाओं का हौसला देखते ही बना इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर कटंगी जनपद अध्यक्ष कविता देशमुख के रूप में मौजूद रही।




विशिष्ट अतिथि के रूप में क्षेत्र के समस्त सरपंच उपस्थित रहे। डायरेक्टर अशोक सोनी एवं अध्यक्ष प्रतिभा सोनी की उपस्थिति में एवं सेंट जॉर्ज इंग्लिश स्कूल के प्राचार्य नरेन्द्र बघेल और सेंट जॉर्ज मिडिल स्कूल के प्राचार्य संजय बिंझोडे के निर्देशन में कार्यक्रम प्रारंभ हुआ।

### विद्यार्थियों को दिए गए प्रशस्ति पत्र

शिक्षक शिक्षिकाओं की मेहनत बच्चों के शानदार नृत्य प्रस्तुतिकरण में साफ देखी गई। कार्यक्रम में पालक शिक्षक संघ के अध्यक्ष उपाध्यक्ष सदस्य के साथ में बच्चों के माता-पिता ने भी इस कार्यक्रम का खूब आनंद उठाया। दोपहर 1 से रात्रि 10 तक चले इस कार्यक्रम में देश भक्ति गीतों की प्रस्तुति दी गई तथा कार्यक्रम में भाग लेने वाले सभी बच्चों को संस्था के द्वारा प्रशस्ति पत्र देकर प्रोत्साहित किया गया।

# राज्य ऋण संगोष्ठी में जेएसके बैंक हुआ सम्मानित



### कलेक्टर व बैंक प्रशासक मृणाल मीना ने की प्रशंसा

**नवभारत, बालाघाट।** राष्ट्रीय ग्रामीण और विकास बैंक भोपाल द्वारा ऋण परिदृश्य के समग्र विकास एवं आगामी वित्तीय वर्ष के लिए राज्य में उपलब्ध ऋण संभावनाओं को लेकर 30 जनवरी को विश्वास कैलाश सारंग सहकारिता मंत्री म.प्र. शासन के मुख्य आतिथ्य में राज्य ऋण संगोष्ठी का आयोजन किया गया।

वर्ष 2024-25 में नाबार्ड द्वारा जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, बालाघाट का सांविधिक अंकेक्षण किया गया था। जिसमें जेएसके बैंक बालाघाट द्वारा बैंकिंग क्षेत्र में रिजर्व बैंक एवं नाबार्ड के सभी मापदण्डों को पूरा किये जाने के चलते अ वर्ग प्रदान किया गया है। जिसके चलते कुशाभाउ ठाकरे अंतर्राष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम के दौरान वित्त वर्ष 2024-25 के लिए वैधानिक अंकेक्षण में शीर्ष प्रदर्शन हेतु विश्वास कैलाश सारंग सहकारिता मंत्री म.प्र. शासन द्वारा मंचीय कार्यक्रम में अभिनव सिंह बघेल सीईओ जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया।

इस अवसर मनोज गुप्ता प्रबंध संचालक म.प्र. राज्य सहकारी बैंक मर्यादित भोपाल, नाबार्ड, अपेक्स बैंक भोपाल के अधिकारीगण उपस्थित रहे।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट को राष्ट्रीय ग्रामीण और विकास बैंक भोपाल द्वारा राज्य ऋण संगोष्ठी में वैधानिक अंकेक्षण में शीर्ष प्रदर्शन में स्मृति चिन्ह भेट किया गया हैं। जिसकी प्रशंसा मृणाल मीना कलेक्टर व बैंक प्रशासक द्वारा की गई। उन्होने कहा कि जेएसके बैंक बालाघाट के अधिकारी व कर्मचारी इसी निष्ठा के साथ कार्य करे।

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित बालाघाट सीईओ अभिनव सिंह बघेल ने बताया कि जिला कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक मृणाल मीना के मार्गदर्शन में जेएसके बैंक बालाघाट निरंतर उत्कृष्ट कार्य कर रहा है। जिसके फलस्वरूप वर्ष 2024-25 में नाबार्ड द्वारा किये गये सांविधिक अंकेक्षण में बैंक द्वारा सभी मापदण्ड पूर्ण किया गया है। श्री बघेल ने बताया कि मुख्यालय, बैंक शाखा और समितियों के समस्त अधिकारियों व कर्मचारियों के अथक सहयोग से बैंक को यह सम्मान मिला है।

बैंक को सम्मानित किये जाने पर पी. जोशी प्रबंधक लेखा, राजेश नगपुरे, सतीश कोरी, श्रीमती सीमा दुबे, एम.एल. यादव, धनेन्द्र कटरे, सारंग बिसेन, श्वेता दहले, नेहा मंडलोई, देवेन्द्र बोपचे, रौनक चैकसे, अमरेश सिंह परिहार, नीरज बिसेन, आशीष खोब्रागढ़े, शाखा प्रबंधक आशीष मिश्रा, प्रकाश साहू, श्रीमती लता गौतम, ऋषि बिसेन, सुनील राहंगडाले, ऋषि हरिनखेड़े, मोरेश्वर फुण्डे, ज्ञानचंद नेवारे, जयकुमार नंदनवार, आई.आर. भगत, मुकेश ठाकरे, अशोक भवरे, रत्नघोष भूरे, दीपक देशमुख, राजेश दुबे, अनिरूद्ध वागदे, दीनदयाल ठाकरे, दिलीप रामटेके, श्रीमती भूमेश्वरी नागेश्वर, श्रीमती सीमा खैरवार, गौरीशंकर मरठे आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

देवधर ट्रॉफी | नागपुर और बिलासपुर के बीच भिड़ंत, दर्शकों ने बढ़ाया खिलाड़ियों का उत्साह

# बिलासपुर ने नागपुर को पराजित कर सेमीफायनल में प्रवेश किया

**नवभारत, वारासिवनी।** स्थानीय देवधर मैदान पर खेले जा रहे ऑल इंडिया देवधर ट्रॉफी के एक रोमांचक क्वार्टर फाइनल मुकाबले में एस ई एस आर बिलासपुर ने वी टी सी ए नागपुर को 13 रनों से हराकर सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी बिलासपुर की टीम ने निर्धारित 20 ओवरों में 8 विकेट खोकर 124 रनों का चुनौतीपूर्ण स्कोर खड़ा किया। जवाब में नागपुर की पूरी टीम 19.1 ओवरों में मात्र 111 रनों पर ढेर हो गई। मैच में 52 गेंदों में 3 चौकों व 3 छक्कों की मदद से 55 रन बनाने व 2 विकेट लेने वाले राज चौधरी को मैन ऑफ द मैच घोषित किया गया।




125 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी वी टी सी ए नागपुर की टीम बिलासपुर की सधी हुई गेंदबाजी के सामने टिक नहीं सकी। नागपुर की ओर से उपदेश राजपूत और शांतनु राजपूत ने सर्वाधिक 26-26 रनों का योगदान दिया, लेकिन टीम को जीत तक नहीं ले जा सके। कप्तान अगम सिंह ने भी 24 रनों की पारी खेली, पर मध्यक्रम के लगातार गिरते विकेटों ने नागपुर की राह मुश्किल कर दी।

बिलासपुर की तरफ से अतुल शर्मा और कुशल काकड़ ने बेहतरीन गेंदबाजी का प्रदर्शन करते हुए 3-3 विकेट चटकाए। वहीं पहली पारी के हीरो रहे राज चौधरी ने गेंदबाजी में भी अपना जलवा दिखाया और 4 ओवर में 23 रन देकर 2 महत्वपूर्ण विकेट लिए। प्रवीण कुमार यादव को भी 2 विकेट मिले। अंतत: पूरी नागपुर टीम 111 रनों पर सिमट गई।

इस मैच में अतिथि के रुप में उपस्थित भाजपा जिला उपाध्यक्ष किशोर अमूले, भूतपूर्व जनपद सदस्य चिरौंजी पारधी, गर्रा सरपंच रुपेन्द्र सोनवाने, पूर्व सरपंच सचिन बिसेन ने मैन ऑफ द मैच राज चौधरी को पुरस्कार प्रदान किया।

### राज चौधरी और अतुल शर्मा की उपयोगी पारियां

बिलासपुर की शुरुआत खराब रही और उसके ऊपरी क्रम के बल्लेबाज जल्दी पवेलियन लौट गए। एक समय टीम ने मात्र 20 रनों पर अपने 5 विकेट गंवा दिए थे। संकट की घड़ी में राज चौधरी ने मोर्चा संभाला और 52 गेंदों पर 3 चौकों व 3 छक्कों की मदद से नाबाद 55 रनों की कप्तानी पारी खेली। उनका बखूबी साथ अतुल शर्मा ने दिया, जिन्होंने मात्र 20 गेंदों में 4 चौकों और 2 छक्कों की सहायता से तेजतर्रार 36 रन बनाए। नागपुर की ओर से गेंदबाजी करते हुए अविनाश जाधव ने 4 ओवर में 26 रन देकर 3 सफलताएं प्राप्त की, जबकि सत्यम भोयर को 2 विकेट मिले।

## रंगदारी नहीं देने पर छुईखदान में फायरिंग

**जबलपुर।** गढ़ा थाना अंतर्गत बेदी नगर छुईखदान में बीती रात रंगदारी न देने पर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। गनीमत रही कि हमले में युवक बाल बाल बच गया। वारदात को अंजाम देने के बाद हमलावर मौके से फरार हो गए। वहीं घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई। जिसके आधार पर पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर आरोपियों की सरगर्मी से तलाश शुरू कर दी है। मुख्य आरोपी हत्या केस में जमानत पर छूटा है। टीआई प्रसन्न कुमार शर्मा ने बताया कि लालू पटेल 36 वर्ष निवासी छुई खदान पानी की टंकी के सामने ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह बिल्डिंग साईट पर देखरेख का काम करता है। शिब्बू उसके घर से लगभग 400 मीटर उपर पहाडी पर रहता है जो बदमाश है । कुछ दिन पहले ही दिनेश झारिया के मर्डर के मामले में जमानत पर छूटकर आया है। सोमवार रात्रि प्रान्सू पासी के पान के टपरे के पास आकर खड़ा हुआ था तभी वेदी नगर की तरफसे 2 बिना नबर की एक्सिस स्कूटी में 4 लोग उसके पास आकर रूके, उसने देखा सामने वाली नीले रंग की स्कूटी को अतुल साहू चला रहा था जो अन्ना मोहल्ला इंदा बस्ती में रहता है जिसके पीछे शिब्बू खान बैठा था दूसरी काले रंग की स्कूटी को अंशुल चला रहा था जिसके पीछे बल्लू उर्फ सक्षम तिवारी बैठा था।